# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

# जनवरी , 2026

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी जनवरी, 2026
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 January, 2026

- **डेनमार्क ने बंद की 400 साल से ज्यादा पुरानी डाक सेवा; अब चिट्ठी से नहीं मिलेंगे संदेश–**

हाल ही में दुनिया के सबसे डिजिटल देशों में शामिल डेनमार्क ने वर्ष 1624 से चली आ रही चिट्ठी डिलीवरी सेवा बंद कर दी है। 30 दिसंबर, 2025 को सरकारी डाक कंपनी पोस्टनॉर्ड ने आखिरी चिट्ठियाँ पहुँचाने के बाद कहा कि अब वह केवल पार्सल डिलीवरी करेगी। पोस्टनॉर्ड के प्रमुख किम पीडरसन के मुताबिक, लोगों के संवाद का तरीका अब ऑनलाइन हो गया है और बीते 25 वर्षों में पत्रों की संख्या में 90% से अधिक की गिरावट आई है। इससे कंपनी घाटे में आ गई। सड़कों से लाल मेलबॉक्स भी अब हटाए गए है। दिसंबर मे जब इन्हें चैरिटी के लिए बेचा गया तो भावुक हुए लोगों ने इन्हें दर्ज कीमत से कहीं अधिक कीमतों पर खरीदा ताकि इन्हें याद के तौर पर सहेज कर रखा जा सके।

- **चावल उत्पादन में अब भारत नंबर 1, चीन को पीछे छोड़ा–**

भारत, चीन को पछाड़कर दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश बन गया है। वैश्विक चावल उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 28% से ज्यादा हो गई है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में भारत में चावल का उत्पादन बढ़कर 15.2 करोड़ टन होने का अनुमान है, जबकि चीन में उत्पादन 14.6 करोड़ टन रह सकता है।

- **एक लॉन्चर से दो 'प्रलय' मिसाइल लॉन्च करने का प्रक्षेपण सफल–**

31 दिसम्बर, 2025 को डीआरडीओ ने एक ही लॉन्चर से एक के बाद एक तेजी से प्रलय मिसाइल के दो सफल प्रक्षेपण किए। इससे इसके सेना में जल्द शामिल किए जाने का रास्ता खुल गया। प्रलय ठोस ईंधन आधारित स्वदेशी क्वाजी-बैलिस्टिक मिसाइल है। 1 टन पेलोड के साथ 5 टन की यह मिसाइल 350 किमी. दूरी तय कर सकती है।

- **केन्द्र सरकार ने निर्यातकों के लिए 4531 करोड़ की 'बाजार पहुँच योजना' लॉन्च की–**

31 दिसंबर, 2025 को केन्द्र सरकार ने निर्यातकों को दुनियाभर के बाजारों तक बेहतर पहुँच दिलाने के इरादे से 4531 करोड़ रुपए की बाजार पहुँच समर्थन योजना शुरू की है। इसके तहत निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों, प्रदर्शनियों और खरीददारों से सीधे संपर्क से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब भारतीय निर्यातक अमरीका द्वारा लगाए गए लगभग 50 फीसदी आयात शुल्क के कारण दबाव में है। यह योजना सरकार के 25060 करोड़ रुपए के निर्यात प्रोत्साहन मिशन का हिस्सा है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, वर्ष 2025 से 2031 के बीच इस योजना पर 4531 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जबकि चालू वित्त वर्ष के लिए 500 करोड़ रुपए अलग से निर्धारित किए गए हैं। हालांकि निर्यातक संगठनों का कहना है कि अमरीकी टैरिफ दबाव और बढ़ती लागत के बीच छह वर्षों के लिए यह बजट अपर्याप्त है।

योजना के तहत खरीदारों और विक्रेताओं की बैठक, अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों और विदेशी खरीदारों के भारत आकर स्थानीय निर्यातकों से सीधे बातचीत करने वाले आयोजनों के लिए संगठित वित्तीय और संस्थागत सहयोग दिया जाएगा।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि समर्थित कार्यक्रमों में एसएमई की कम-से-कम 35% भागीदारी अनिवार्य होगी।

- **हाल ही में पश्चिम बंगाल में नंदिनी चक्रवर्ती को राज्य की नई मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। वे इस पद पर पहुंचने वाली राज्य की पहली महिला अधिकारी हैं। वे 1994 बैच की आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में गृह सचिव हैं। इस नियुक्ति के साथ ही पश्चिम बंगाल देश का पहला राज्य है जहाँ मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव दोनों महिला हैं।**

## Newspaper of 2 January, 2026

- **भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार सवा सौ साल में 2025 देश का 8वाँ सबसे गर्म वर्ष, 2760 मौतें हुईं।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने वर्ष 2026 के पहले दिन 'भारत की जलवायु 2025' की रिपोर्ट जारी की। इसके अनुसार, 2025 देश का 1901 से अब तक का 8वाँ सबसे गर्म साल रहा। 2025 में पूरे भारत का वार्षिक औसत भूमि सतह तापमान 19991-2020 की दीर्घकालिक औसत से 0.28 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। आइएमडी डीजी मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि पिछले 16 वर्षों में शीर्ष 5 सबसे गर्म साल आए है, जो जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत है।

साल 2025 में फरवरी सबसे गर्म महीना (1.36 डिग्री सेल्सियस ज्यादा) रहा। वार्षिक वर्षा लम्बी अवधि औसत का 110 प्रतिशत रही। जबकि दक्षिण-पश्चिम मानसून 108 प्रतिशत रहा। उत्तर-पश्चिम भारत में 127 प्रतिशत वर्ष हुई।

■ **लगातार 35वीं बार भारत-पाक ने परमाणु ठिकानों की लिस्ट साझा की; कैदियों की संख्या बताई–**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार 1 जनवरी, 2026 को भारत और पाकिस्तान ने अपने परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूची एक-दूसरे को सौंपी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह सूची परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के प्रतिबंध से जुड़े समझौते के तहत साझा की गई है। समझौता 31 दिसंबर, 1988 को साइन किया गया था और 27 जनवरी, 1991 से लागू हुआ। लगातार 35वीं बार सूची साझा की गई है। यह हर साल होता है।

दोनों देशों ने कैदियों की सूची भी साझा की। भारत ने अपनी हिरासत में मौजूद 391 नागरिक कैदियों और 33 मछुआरों की सूची साझा की है जो पाकिस्तानी है या जिनके पाकिस्तानी होने का संदेह है। पाकिस्तान ने 58 नागरिक कैदियों और 199 मछुआरों के नाम बताए।

■ **दिसंबर, 2025 में देश का जीएसटी कलेक्शन सालाना आधार पर 6.1% बढ़कर, 174550 करोड़ रुपए रहा, जो दिसंबर, 2024 में 164656 करोड़ रुपये और नवंबर 2025 में 1.70 लाख करोड़ रुपये था। वहीं दिसंबर, 2025 में यूपीआई से रेकॉर्ड 21.6 अरब लेनदेन और 28 लाख करोड़ रुपए का ट्राजेक्शन हुआ।**

गत 6 माह का जीएसटी संग्रह एक नजर में–

| माह | | जीएसटी संग्रह (करोड़ रुपये) |
|---|---|---|
| ◆ जुलाई, 2025 | – | 1,95,735 |
| ◆ अगस्त, 2025 | – | 1,86,315 |
| ◆ सितम्बर, 2025 | – | 1,89,017 |
| ◆ अक्टूबर, 2025 | – | 1,95,936 |
| ◆ नवम्बर, 2025 | – | 1,70,276 |
| ◆ दिसम्बर, 2025 | – | 1,74,550 |

■ **1 जनवरी, 2026 को एयर मार्शल नागेश कपूर ने भारतीय वायुसेना के वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ का पदभार संभाला। वे पहले दक्षिण-पश्चिमी एयर कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे। उन्होंने एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी की जगह ली है।**

■ **सांख्यिकी मंत्रालय (MoSPI) का नया लोगो और शुभंकर जारी–**

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 1 जनवरी, 2026 को अपनी नई संस्थागत पहचान के रूप में एक नया लोगो (Logo) और शुभंकर (Mascot) लॉन्च किया है। यह लोगो 'विकास के लिए डेटा' के संदेश पर केन्द्रित है जो आधुनिक सांख्यिकी विज्ञान के साथ भारतीय विरासत को जोड़ता है।

**Newspaper of 3 January, 2026**

■ **रैमजेट इंजन से लैस तोप का गोला बनाने वाला पहला देश बना भारत–**

भारतीय सेना को अपने तोपखाने का फायर पावर बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। सेना की तोपों के लिए पहली बार रैमजेट इंजन से लैस गोले तैयार करने में सफलता मिली है। पोखरण में तोप के इन गोलों के परीक्षण सफल रहे हैं। रैमजेट इंजन से लैस यह गोले 60 से 80 किलोमीटर तक मार कर सकेंगे। इससे दुश्मनों के विरुद्ध भारत की डीप स्ट्राइक क्षमता बढ़ेगी। इन गोलों को आइआइटी मद्रास और भारतीय सेना ने विकसित किया है। इसके परीक्षण पूरे होने के बाद इन्हें सेना में इंडक्ट किया जाएगा। भारत इस तरह के तोप के गोले तैयार करने वाला दुनिया का पहला देश है।

रैमजेट इंजन से लैस तोप का गोला हवा से ऑक्सीजन लेकर थ्रस्ट पैदा करता है। इससे लॉच के साथ ही गोले की स्पीड बढ़ती है और यह ध्वनि की गति से भी तीन गुना रफ्तार पा लेता है। इससे गोला और घातक हो जाता है। आइआइटी मद्रास के प्रोफेसर पीए रामकृष्णन के अनुसार इस तकनीक से

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

गोलों का उपयोग 155 एमएम की तोपों में किया जा सकेगा। सेना के तोपखाने में कई तरह की 155 एमएम तोपें हैं।

## Newspaper of 5 January, 2026

- **भारतीय सेना ने नई स्पेशल 'भैरव फोर्स' कमांडो यूनिट तैयार की–**

देश की सुरक्षा से जुड़ी नई चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय सेना ने नई स्पेशल 'भैरव फोर्स' कमांडों यूनिट तैयार की है। इस फोर्स को हाई-रिस्क ऑपरेशनों के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इसके तहत सेना ने एक लाख से अधिक ड्रोन ऑपरेटर भी तैयार किए है। वैश्विक स्तर पर युद्ध के बदलते स्वरूप और तकनीक के बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुए भैरव फोर्स का गठन किया गया है। इस यूनिट के कमांडों को हाइब्रिड ट्रेनिंग मॉडल के तहत प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान कमांडों को आधुनिक तकनीक, नए हथियारों, संचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) तकनीकों की विस्तृत ट्रेनिंग दी गई है।

- **उत्तर प्रदेश में राज्य की पहली ब्रेल लाइब्रेरी–**

4 जनवरी, 2026 को उत्तरप्रदेश सरकार ने राज्य की पहली ब्रेल लाइब्रेरी की शुरुआत लखनऊ में की। इस लाइब्रेरी को डॉ. शंकुतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में स्थापित किया गया है। लाइब्रेरी में 4000 से अधिक ब्रेल पुस्तकें उपलब्ध करवाई गई हैं।

- **राजधानी काराकस सहित कई शहरों में अमरीका के खिलाफ गुस्सा; डेल्सी बनीं कार्यवाहक राष्ट्रपति, बोलीं-ट्रंप को न तेल देंगे न सोना–**

अमरीकी सैन्य कार्रवाई और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर ले जाने के बाद वेनेजुएला के लोगों में अमरीका व उसके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ रोष है। रविवार को राजधानी काराकस सहित कई शहरों में लोगों ने सड़कों पर उतर अमरीका के प्रति गुस्से का इजहार किया। उधर, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उपराष्ट्रपति डेल्सी रॉड्रिगेज ने कार्यवाहक राष्ट्रपति पद की शपथ ली और अमरीका को खुली चुनौती दी। शपथ के बाद राष्ट्र के नाम से संबोधन में डेल्सी ने कहा कि अब वेनेजुएला किसी साम्राज्य की कॉलोनी नहीं बनेगा।

## Newspaper of 7 January, 2026

- **6 जनवरी, 2026 को मुख्यमंत्री सिद्धरामय्या ने कर्नाटक में सबसे लम्बी अवधि तक पद पर बने रहने का रिकॉर्ड कायम कर लिया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डी. देवराज अर्स के 2792 दिनों के कार्यकाल को पीछे छोड़ते हुए 2793वाँ दिन पूरा किया। अर्स और वे दोनों मैसूर से हैं। इस उपलब्धि पर सिद्धरामण्पा ने कहा कि राजनीति में उनका लक्ष्य रिकॉर्ड बनाना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना है।**

## Newspaper of 8 January, 2026

- **एनएसओ के पहले अग्रिम अनुमान के तहत भारतीय अर्थव्यवस्था 2025-26 में 7.4% की दर से बढ़ेगी–**

357.14 लाख करोड़ रुपए की होगी भारतीय अर्थव्यवस्था 2025-26 में, जो 2024-25 में 330.68 लाख करोड़ रुपए की थी।

भारतीय अर्थव्यवस्था के 2025-26 में दमदार प्रदर्शन की बदौलत यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी पहले अग्रिम अनुमान के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था 2025-26 में 7.4% की दर से बढ़ने की संभावना है, जो पिछले वित्त वर्ष में दर्ज 6.5% की वृद्धि से ज्यादा है। यह तेजी मुख्य रूप से मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज सेक्टर के बेहतर प्रदर्शन के कारण रहने की उम्मीद है।

भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट एक नजर में–

| वर्ष | जीडीपी ग्रोथ (% में) |
|---|---|
| 2020-21 | –5.8% |
| 2021-22 | 9.7% |
| 2022-23 | 7.6% |
| 2023-24 | 9.2% |
| 2024-25 | 6.5% |
| 2025-26 (पहला अग्रिम अनुमान) | 7.4% |

- **जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल से शुरू, 30 सितंबर तक चलेगा; गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना–**

देश में जनगणना 2027 का पहला चरण एक अप्रैल, 2026 से 30 सितंबर, 2026 के बीच पूरा किया जाएगा। 7 जनवरी, 2026 को इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई। पहले चरण में घरों की सूची तैयार की जाएगी, जिसके लिए प्रत्येक राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश की ओर से निर्धारित 30 दिनों की अवधि में अभियान चलाया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार, 30 दिन के गृह सूचीकरण अभियान शुरू होने से ठीक पहले 15 दिन की अवधि मे स्वगणना कराने का विकल्प भी उपलब्ध होगा। अप्रैल से सितंबर, 2026 तक घरों की सूची बनाना और आवास जनगणना और फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना। जनगणना प्रत्येक 10 वर्षों में

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

कराई जाती है। इसके हिसाब से 2021 में जनगणना कराई जानी थी, लेकिन कोरोना महामारी के चलते इसे स्थगित कर दिया गया। पहले चरण में मकान सूचीकरण और आवास जनगणना, अप्रेल से सितंबर, 2026 के बीच, जबकि दूसरा चरण जनसंख्या गणना (पीई), फरवरी 2027 में होगा। मकान सूचीकरण व आवास जनगणना के तहत देशभर की सभी संरचनाओं, घरों व परिवारों की व्यवस्थित सूची तैयार की जाएगी।

**30 लाख कर्मियों की होगी तैनाती–**जनगणना 2027 में करीब 30 लाख फील्ड कर्मचारी लगाए जाएंगे। इनमें एन्यूमरेटर, सुपरवाइजर, मास्टर ट्रेनर और कई तकनीकी कर्मचारी शामिल होंगे। यह जनगणना अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल ऑपरेशन होगा। इस दौरान लगभग 1.02 करोड़ मानव-दिन का रोजगार भी पैदा होगा।

## Newspaper of 9 January, 2026

### भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल जींद-सोनीपत रूट पर परीक्षण, एलीट क्लब में शामिल होगा देश–

देश की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन का ट्रायल रन शुरू हो चुका है। चेन्नई के इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में निर्मित यह ट्रेन हरियाली और स्वच्छ परिवहन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। नॉदर्न रेलवे ने पुष्टि की है कि रिसर्च डिजाइन्स एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गनाइजेशन जिंद-सोनीपत खंड पर परीक्षण कर रहा है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि परीक्षण के बाद यह ट्रेन जल्द ही लॉन्च होगी। जींद में बना हाइड्रोजन प्लांट रोजाना लगभग 420 किलो ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन कर रहा है, जिसे ईंधन की तरह इस्तेमाल किया जाएगा।

**हाइड्रोजन ट्रेन चलाने वाला 5वाँ देश–**जर्मनी, चीन, स्वीडन और अमरीका के बाद भारत अब इस क्लब में शामिल होने जा रहा है। रेलमंत्री ने बताया कि दुनिया में केवल चार देश ऐसे इंजन बनाते हैं जो 500 से 600 हॉर्सपावर के होते हैं। भारत ने 1200 हॉर्सपावर का इंजन बनाया है।

**हाइड्रोजन ट्रेन की खासियतें–**

- 100% मेड इन इंडिया चेन्नई आइसीएफ में निर्मित
- विश्व की सबसे शक्तिशाली-2400 किलोवाट क्षमता
- ब्रॉड गेज पर सबसे लंबी-10 कोच (2 पावर कार 8 यात्री कोच)
- शून्य कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन, केवल जल वाष्प
- 2638 यात्रियों की क्षमता
- अधिकतम गति 110 किमी/घंटा
- जींद में हाइड्रोजन प्लांट-420 किलो/दिन उत्पादन
- 1200 हॉर्सपावर इंजन

### गन्ने की नई किस्म 'बिस्मिल' को पाँच राज्यों में उगाने की मंजूरी मिली–

हाल ही में गन्ने की नई किस्म 'बिस्मिल' को यूपी के बाद अब चार अन्य राज्यों हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और राजस्थान में भी उगाने की अनुमति मिल गई है। पहले सिर्फ उत्तरप्रदेश में इसकी खेती की इजाजत थी। ''बिस्मिल' को उत्तरप्रदेश गन्ना अनुसंधान परिषद् ने विकसित किया है। यह किस्म स्वतंत्रता सेनानी रामप्रसाद बिस्मिल के नाम पर रखी गई है, जो काकोरी ट्रेन एक्शन (काकोरी कांड) के नायक थे। डॉ. अरविंद कुमार ने इसे त्यार किया। इसे कोशा 17231 कहा जाता है। बिस्मिल किस्म लाल सड़न रोग (रेड रॉट) से बचाव में सक्षम है, जो गन्ने की फसल को बड़ा नुकसान पहुँचाता है। औसत पैदावार 86.35 टन प्रति हैक्टेयर है और चीनी रिकवरी रेट 13.97 फीसदी है। इससे किसानों की आय व चीनी उत्पादन बढ़ेगा।

उल्लेखनीय है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) के प्रोजेक्ट के तहत बनी यह किस्म हाल ही में 25 फसलों की 184 नई किस्मों में शामिल हुई है।

## Newspaper of 10 January, 2026

### भारत ने हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल और ब्रह्मोस-2 के लिए काम आने वाले स्क्रैमजेट इंजन का सफल परीक्षण किया; दूसरे देशों पर निर्भरता घटेगी–

9 जनवरी, 2026 को भारत ने हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल के विकास में एक कदम आगे बढ़ाते हुए स्क्रैमजेट इंजन का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने फुल स्केल एक्टिवली कूल्ड स्क्रैमजेट कंबस्टर का 12 मिनट से ज्यादा का ग्राउंड टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया। अब भारत को हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल और ब्रह्मोस-2 के इंजन के लिए दूसरे देशों की तरफ देखना नहीं होगा। भारत ने पहले छोटी अवधि के स्क्रैमजेट टेस्ट्स किए थे। इस बार 12 मिनट के फुल स्केल टेस्ट के लिहाज से महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह हाइपरसोनिक मिसाइल के लिए जरूरी लंबी दूरी और स्थिरता में सक्षम बनाता है।

इस सफलता से भारत अमरीका, रूस और चीन के साथ उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जो स्क्रैमजेट तकनीक में 7408 किमी प्रति घंटा की स्पीड वाली मिसाइलें विकसित कर रहे हैं।

**क्या है स्क्रैमजेट इंजन–**

- खास तरह का एयर-ब्रीदिंग इंजन है, जो हाइपरसोनिक स्पीड (6100 किमी प्रति घंटा) पर काम करता है।
- वातावरण की हवा को सुपरसोनिक स्पीड पर जलाता है जिससे ईंधन की कम जरूरत होती है।
- लंबे समय तक गर्मी और दबाव झेलने की क्षमता, लंबी रेंज की मिसाइलों के लिए जरूरी।

■ **बीकानेर में अन्तराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव का आगाज हुआ–**

9 जनवरी, 2026 को शहर में अन्तरराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव् का हैरिटेज वॉक के साथ आगाज हुआ। लक्ष्मीनाथ मंदिर में रामपुरिया हवेली तथा वॉक निकाली गई। जब लोगों की निगाहें ऊँट महोत्सव पर टिकी है, तब यहाँ की लोक परंपरा को याद करना भी जरूरी है, जो आधुनिक जीपीएस और ट्रैकिंग सिस्टम से कहीं पहले अस्तित्व में थी। यह परंपरा थी 'पागी', जिसमें पैरों के निशान देख गुमशुदा ऊँटों को खोज निकाला जाता था।

**ऊँट चोरी को माना जाता था गंभीर अपराध–**

पागी प्रथा थार मरुस्थल की अद्‌भुत लोक-ज्ञान परंपरा थी। अनुभव और प्रकृति की समझ से यह लोग न्याय और सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा बने। ऊँट चोरी को गंभीर अपराध माना जाता था। इतिहास में यह विद्या इतनी प्रभावी रही कि रणछोड़ जैसे पागी 1965 की लड़ाई तक भी प्रासंगिक रहे।

■ **वित्त वर्ष 2025-26 : भारत की जीडीपी विकास दर 7.4% रहने का अनुमान–**

7 जनवरी, 2026 को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (NSO) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक विकास के अनुमान जारी किए।

**प्रमुख आर्थिक संकेतक–**वास्तविक जीडीपी : इसमें 7.4% की वृद्धि का अनुमान है (जो पिछले वर्ष 6.5% थी)।

नॉमिनल जीडीपी : वर्तमान कीमतों पर इसमें 8.0% की वृद्धि अनुमानित है।

## Newspaper of 11 January, 2026

■ **4 से 10 जनवरी, 2026 के बीच ग्रेटर नोएडा में आयोजित 9वीं नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कोटा की बॉक्सर अरुधंति चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अरुंधति ने इस चैंपियनशिप में सीमा सुरक्षा बल की ओर से प्रतिनिधित्व किया। अरुंधति ने फाइनल मुकाबले में ऑल इंडिया पुलिस टीम की बॉक्सर स्नेहा को 70 किलोग्राम भार वर्ग में 5-0 से परास्त कर स्वर्ण पदक जीता।**

## Newspaper of 12 January, 2026

■ **हाल ही में भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ वडोदरा में खेले गए मैच में श्रीलंका के कुमार संगकारा को पीछे छोड़ा जिनके नाम 28016 रन हैं। विराट कोहली इस मैच के बाद 28068 रन हो गए है। सचिन तेंदुलकर 34357 रन के साथ पहले नंबर पर है।**

■ **दुनिया की नंबर-1 महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हरा दिया। यह सबालेंका का लगातार दूसरा ब्रिस्बेन टाइटल है। इसके साथ ही सबालेंका ने करियर का 22वाँ डब्ल्यूटीए खिताब जीता।**

उल्लेखनीय है कि एक्टिव खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा खिताब जीतने के मामले में सबालेंका ने विक्टोरियों अजारेंका (21) को पीछे छोड़ दिया है। अब उनसे आगे सिर्फ वीनस (49) और इगा स्वातेक (25) है।

## Newspaper of 13 January, 2026

■ **इसरो का पीएसएलवी-सी 62 रॉकेट मिशनफेल हुआ; सभी 16 उपग्रह अंतरिक्ष में गुम हुए–**

12 जनवरी, 2026 को इसरो का पीएसएलवी-सी 62 रॉकेट मिशन लॉन्च हुआ, लेकिन लॉन्चिंग के 8 मिनट बाद ही यह असफल हो गया। यह रॉकेट कुल 16 उपग्रहों को अंतरिक्ष में ले जा रहा था। इसरो प्रमुख वी. नारायणन के अनुसार उड़ान के तीसरे चरण में जब रॉकेट को ऊँचाई तक ले जाने का काम हो रहा था, तभी तकनीकी गड़बड़ी आ गई। रॉकेट अपने तय रास्ते से भटक गया और उपग्रहों को सही कक्षा में नहीं पहुँचा सका।

■ **हाल ही में दक्षिण सूडान में यूएन मिशन में तैनात भारतीय सेना की मेजर स्वाति शांति कुमार को जेंडर-इन्क्लूसिव पीसकीपिंग में योगदान के लिए प्रतिष्ठित यूएन सेक्रेटरी-जनरल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। अवार्ड के लिए दुनियाभर में वोटिंग हुई थी।**

■ **हाल ही में डीआरडीओ ने 'टैंक किलर' मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपीएटीजीएम) का सफल फ्लाइट टेस्ट परीक्षण किया। तीसरी पीढ़ी की इस गाइडेड मिसाइल का परीक्षण महाराष्ट्र के अहिल्यानगर की केके रेंज में किया गया। मिसाइल ने 2.5 किमी. दूर मूवेबल टारगेट को नष्ट कर दिया। जोधपुर स्थित डिफेंस लैब ने**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**टारगेट टैंक का सिमुलेशन करने के लिए थर्मल टारगेट सिस्टम विकसित किया है।**

- **12 जनवरी, 2026 को इसरो का वर्ष का पहला मिशन PSLV-C62 तकनीकी खराबी के कारण विफल हो गया। यह प्रक्षेपण 12 जनवरी, 2026 को सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र (एसडीएससी-शार), श्रीहरिकोटा के फर्स्ट लॉन्च पैड से हुआ।**

## Newspaper of 14 January, 2026

- **भारत की ब्रिक्स 2026 अध्यक्षता के संदर्भ में लोगो व वेबसाइट का शुभारम्भ किया–**

हाल ही में नई दिल्ली में भारत की ब्रिक्स 2026 अध्यक्षता के संदर्भ में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिक्स 2026 के लोगो व आधिकारिक वेबसाइट का शुभारम्भ किया। एस. जयशंकर के अनुसार ब्रिक्स संवाद, सहयोग व व्यावहारिक समाधान को बढ़ावा देने वाला मंच बना हुआ है।

जयशंकर ने ब्रिक्स 2026 अध्यक्षता के लिए चार व्यापक प्राथमिकताएँ–लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सततता–निर्धारित की, जो राजनैतिक-सुरक्षा, आर्थिक-वित्तीय और सांस्कृतिक-जनसंपर्क जैसे स्तंभों में मार्गदर्शक भूमिका निभाएंगी।

उल्लेखनीय है कि भारत ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान 2023 के जी-20 मॉडल का अनुसरण करेगा। सालभर में 28 राज्यों और 9 केन्द्रशासित प्रदेशों में लगभग 60 शहरों में करीब 100 बैठकें होंगी।

## Newspaper of 15 January, 2026

- **हेनली पासपोर्ट इंडेक्स रैंकिंग 2026 जारी; दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट की लिस्ट में भारत 80वें नंबर पर रहा–**

हाल ही में हेनली पासपोर्ट इंडेक्स रैंकिंग 2026 जारी की गई इसके अन्तर्गत दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट की लिस्ट में भारत 80वें स्थान पर रहा है। इसमें 199 देशों और टेरिटरी में वीजा फ्री एंट्री के आधार पर रैंक किया जाता है। पिछले साल भारत 85वें स्थान पर था। अब भारतीय पासपोर्ट धारक 55 देशों में बिना वीजा या वीजा ऑन अराइवल के यात्रा कर सकते हैं।

हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2026 के अनुसार, दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट एशिया के पास हैं। सिंगापुर पहले स्थान पर है। जापान और दक्षिण कोरिया दूसरे स्थान पर है। सिंगापुर के नागरिक 227 में से 192 देशों में बिना वीजा यात्रा कर सकते हैं।

तीसरे स्थान पर डेनमार्क, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, स्पेन और लक्जमबर्ग हैं। इन देशों के पासपोर्ट धारकों को 186 देशों में वीजा फ्री यात्रा की सुविधा है। सबसे कमजोर पासपोर्ट अफगानिस्तान का है उसे 101वाँ स्थान मिला है। पाकिस्तान 98वें स्थान पर है।

- **सिलाई वाला लकड़ी का जहाज 'कौंडिन्य' पहुँचा मस्कट, वाटर कैनन से सलामी दी गई; यह जहाज एक हजार वर्ष पुरानी तकनीक से बना, 18 दिन में यात्रा पूरी–**

15 जनवरी, 2026 को भारतीय नौसेना का स्वदेशी पारंपरिक सिलाई वाला जहाज आइएनएसवी कौडिन्य 18 दिन की यात्रा पूरी कर ओमान के मस्कट पहुँचा। यह जहाज गुजरात के पोरबंदर से रवाना हुआ था। एक हजार वर्ष पुरानी तकनीक पर बने इस जहाज ने भारत की पुरानी नौवहन तकनीक को पुन: साबित किया है। कौडिन्य को वाटर कैनन से सलामी दी गई। पोत एवं नौवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने जहाज और क्रू का स्वागत किया। आवश्यक जाँच व मरम्मत के बाद, जहाज वापसी यात्रा शुरू करेगा।

**स्लीपिंग बैग में सोया चालक दल–**जहाज के कप्तान कमांडर विकास शेओरान व ऑफिसर-इन-चार्ज कमांडर वाइ. हेमंत कुमार हैं। चालक दल में चार अधिकारी और तेरह नौसैनिक शामिल हैं। इस जहाज पर कोई कमरा और बिजली नहीं थीं। क्रू मेंबर्स स्लीपिंग बैग में सोते थे।

**पांचवीं शताब्दी के जहाज का डिजाइन–**इस जहाज का नाम महान भारतीय नाविक कौंडिन्य के नाम पर रखा गया है। सिलाई के जरिए बना जहाज अजंता गुफाओं की पेंटिंग में दिखाए गए 5वीं सदी के जहाज पर आधारित है। सितंबर 2023 में इसका निर्माण केरल के कुशल कारीगरों ने शुरू किया। बिना कीलों के पारंपरिक सिलाई, विधि से नारियल की रस्सी, रेशे और प्राकृतिक राल से पतवार पर तख्तों को सिला गया। जहाज में न तो इंजन है और न ही जीपीएस। चौकोर सूती पाल और पैडल लगे हैं।

## Newspaper of 16 January, 2026

- **पर्यावरण संरक्षण के लिए उत्तराखंड की लोहारीनाग जल विद्युत प्रोजेक्ट को बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई–**

हाल ही में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए उत्तराखंड की लोहारीनाग पाला जलविद्युत प्रोजेक्ट को बंद करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उत्तराकाशी में भागीरथी नदी पर प्रस्तावित 600 मेगावाट क्षमता की इस परियोजना के तहत बनी करीब 14 किलोमीटर लंबी सुरंगों को मिट्टी और मलबा डालकर स्थायी रूप से सील किया जा रहा है। इसके लिए 52 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

यह परियोजना उत्तराखंड की सबसे बड़ी रन ऑफ द रिवर जलविद्युत योजनाओं में शामिल थी। साल 2006 में एनटीपीसी ने भागीरथी नदी पर इस परियोजना का काम शुरू किया था। करीब 2 हजार करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाली इस योजना के तहत नदी के पानी को सुरंगों के जरिए मोड़कर बिजली उत्पादन किया जाना था। परियोजना का लगभग 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका था, जब इसे रोक दिया गया।

- **नीति आयोग ने निर्यात तैयारी सूचकांक (ईपीआई 2024) जारी किया; महाराष्ट्र 68.01 स्कोर के साथ प्रथम स्थान तथा राजस्थान 47.31 स्कोर के साथ 17वें स्थान पर रहा–**

15 जनवरी, 2026 को नीति आयोग ने निर्यात तैयारी सूचकांक (ईपीआइ) 2024 जारी किया। इस रिपोर्ट में देश के राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की निर्यात क्षमता, नीतिगत ढांचे, आधारभूत संरचना और कारोबारी माहौल का आकलन किया गया है। इस लिस्ट में महाराष्ट्र ने 68.01 स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया है। इसके बाद तमिलनाडु और गुजरात दूसरे और तीसरे नंबर पर रहे। नीति आयोग ने कहा कि यह इंडेक्स सिर्फ रैंकिंग टूल नहीं, बल्कि एक पॉलिसी गाइड के तौर पर तैयार किया गया है जिससे राज्य अपनी कमियों की पहचान कर सकें। बेस्ट प्रैक्टिस अपनाएं और एक्सपोर्ट से जुड़े इंस्टीट्यूशनल मैकेनिज्म को मजबूत कर सकें। इससे निर्यात बढ़ेगा।

**टॉप-10**

| राज्य | स्कोर | राज्य | स्कोर |
|---|---|---|---|
| **महाराष्ट्र** | **68.01** | कर्नाटक | 59.30 |
| तमिलनाडु | 64.41 | पंजाब | 58.32 |
| गुजरात | 64.02 | तेलंगाना | 57.14 |
| उत्तरप्रदेश | 62.09 | मध्यप्रदेश | 57.0 |
| आंध्रप्रदेश | 60.65 | हरियाणा | 55.01 |

36 राज्यों (केन्द्रशासित प्रदेशों सहित) में से राजस्थान 17वें स्थान पर रहा। राज्य को 47.31 अंक मिले है और इसे 'एस्पायर' श्रेणी में रखा गया है, यानी ऐसा राज्य जहाँ निर्यात बढ़ाने की संभावनाएँ तो है, लेकिन अभी नीतिगत और संरचनात्मक सुधारों की जरूरत है। जबकि, पिछली बार रैंकिंग 13वें स्थान पर थी। राज्य की सबसे बड़ी चुनौतियाँ लॉजिस्टिक्स लागत, औद्योगिक विविधता की कमी और एमएसएमई की कमजोर वैश्विक पहुँच हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक यदि राज्य अपनी औद्योगिक नीतियों, इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्यमियों को वैश्विक बाजार से जोड़ने पर फोकस करे तो आने वाले वर्षों में रैंकिंग में सुधार संभव है। कृषि, खनिज, पशुधन, हस्तशिल्प और जीआइ टैग उत्पाद राजस्थान की बड़ी ताकत हैं।

- **भारत के विदेश मंत्रालय ने ईरान में बिगड़ते हालात के बीच भारतीयों की निकासी के लिए 'ऑपरेशन स्विडिश' की तैयारी शुरू की है। ईरान में 10 हजार भारतीय हैं। जून 2025 में 12 दिनों के युद्ध के दौरान 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत ईरान से 4400 भारतीय निकाले गए थे।**

## Newspaper of 17 January, 2026

- **आंध्रप्रदेश के 'होप आइलैंड' पर देश का तीसरा स्पेसपोर्ट बनेगा–**

17 जनवरी, 2026 को आन्ध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने घोषणा की कि काकीनाडा खाड़ी में स्थित 'होप आइलैंड' पर एक नया उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र स्थापित किया जाएगा। होप आइलैंड गोदावरी नदी के मुहाने पर कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य का हिस्सा है। यह श्रीहरिकोटा से 600 किमी. से अधिक दूर है। यह सुविधा मुख्य रूप से निजी अंतरिक्ष प्रक्षेपणों के लिए होगी।

यह राज्य की 'स्पेस सिटी' पहल का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य आन्ध्रप्रदेश को एयरोस्पेस हब बनाना है। ग्रीनको ग्रुप ने इसमें भागीदार बनने में रुचि दिखाई है।

यह भारत का तीसरा प्रमुख स्पेसपोर्ट होगा। अन्य सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र, श्रीहरिकोटा (आन्ध्रप्रदेश) संचालित एवं कुलशेखरपट्टनम (तमिलनाडु) निर्माणाधीन है। होप आइलैंड (आन्ध्रप्रदेश) प्रस्तावित है।

## Newspaper of 18 January, 2026

- **असम में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 10 हजार लोगों ने एक साथ बागुरुंबा नृत्य किया–**

'तितली नृत्य' के नाम से मशहूर असम की लोक संस्कृति का प्रतीक बागुरुंबा ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

17 जनवरी, 2026 को पीएम नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में 10 हजार से ज्यादा लोगों ने सरुसजाई स्टेडियम में एक साथ बागुरुंबा नृत्य पेश किया। यह प्रस्तुती गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने के उद्देश्य से की गई, जो इसके पहले बने बिहू नृत्य के रिकॉर्ड (11304 कलाकार) की तर्ज पर आयोजित हुई।

- **देश की पहली 'वंदे भारत स्लीपर ट्रेन' रवाना–**

17 जनवरी, 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा से देश की पहली वन्दे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह ट्रेन हावड़ा (पश्चिम बंगाल) और कामाख्या (असम) के बीच (972 km) चलेगी।

## Newspaper of 19 January, 2026

### ■ भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने ब्रिक्स डिजिटल मुद्राओं को जोड़ने का प्रस्ताव दिया–

हाल ही में आरबीआइ ने ब्रिक्स देशों से अपनी आधिकारिक डिजिटल मुद्राओं को जोड़ने का प्रस्ताव दिया है। इसका मकसद एक देश से दूसरे देश में व्यापार व पर्यटकों की ओर किए जाने वाला भुगतान को सरल बनाना है। इससे भूराजनीतिक तनाव बढ़ने की स्थिति में डॉलर पर निर्भरता कम हो सकती है।

**भारत करेगा मेजबानी**–सूत्रों ने कहा, रिजर्व बैंक ने 2026 के ब्रिक्स सम्मेलन में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसीज (सीबीडीसी) को जोड़ने का प्रस्ताव एजेंडे में शामिल करने की सिफारिश की है। भारत इस साल के अंत में होने वाले शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सिफारिश स्वीकार होती है व प्रस्ताव पास होता है तो ग्लोबल ट्रेड में डॉलर का दबदबा घटेगा।

### ■ एशिया मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स में भारत छठे पायदान पर रहा–

एशिया मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स (एएमआइ) 2026 में भारत 11 एशियाई देशों के बीच छठे पायदान पर रहा है। हांगकांग की सलाहकार फर्म डेजन शिरा की ओर से जारी सूची में भारत वैश्विक स्तर पर विनिर्माण की दौड़ में प्रमुख एशियाई प्रतिस्पर्धियों से पीछे है। इस लिस्ट में चीव पहले स्थान पर काबिज है।

इस इंडेक्स में मलेशिया वियतनाम को पछाड़कर पहली बार दूसरे स्थान पर पहुँचा है। वियतनाम तीसरे, सिंगापुर चौथे और दक्षिण कोरिया पांचवे स्थान पर चला गया है। सूची में भारत के बाद इंडोनेशिया सातवें पायदान पर है जबकि थाईलैंड दो पायदान की छलांग लगा आठवें स्थान पर है। जापान नौवें स्थान पर और फिलीपींस 10वें पायदान पर है। चीन ने लगातार तीसरे साल शीर्ष स्थान बरकरार रहते हुए वर्चस्व कायम रखा है।

### ■ जनवरी, 2026 में देश के किसी भी कोने में जरूरत पड़ने पर आईबैंक और अस्पतालों में डोनेट किए गए कॉर्निया को एयर इंडिया ने मुफ्त भेजने/परिवहन को मंजूरी दी है। इसके लिए एयर इंडिया कोई शुल्क नहीं लेंगी। इस संबंध में आई बैंक एसोसिएशन और एयर इंडिया के बीच सहमति बनी है।

## Newspaper of 20 January, 2026

### ■ चीन में 1949 के बाद पहली बार जन्मदर सबसे निचले स्तर पर–

चीन में वर्ष 2025 में जन्मदर रिकॉर्ड गिरावट के साथ 1949 के बाद सबसे निचले स्तर पर पहुँच गई। आँकड़ों के मुताबिक, 2025 में 79.2 लाख बच्चों का जन्म हुआ, जो 2024 के 95.4 लाख से कम है। वही 1.13 करोड़ लोगों की मौत दर्ज हुई, यानि जन्म से ज्यादा मौतें हुई और आबादी लगातार चौथे साल घटी। प्रति 1000 लोगों पर जन्म दर 5.63 रही। उल्लेखनीय है कि इससे भविष्य में कार्यकाल घटेगा और बुजुर्गों का बोझ बढ़ेगा।

### ■ श्रीलंका के रत्नापुरा की खदान में दुनिया का सबसे बड़ा नीलम 'पर्पल स्टार सैफायर' मिला है। 3563 कैरेट का यह बेशकीमती रत्न 'स्टार ऑफ प्योर लैंड' नाम से पहचाना जाएगा। एक्सपर्ट के मुताबिक अन्तरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 3300 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस हिसाब से यह ओपेनहाइमर ब्लू और बिलियमसन पिंक स्टार जैसे हीरों से भी ज्यादा महंगा होगा। ओपेनहाइमर ब्लू 523 करोड़ रुपए में, जबकि विलियमसन पिंक स्टार 524 करोड़ रुपए में बिका था।

## Newspaper of 21 January, 2026

### ■ नितिन नवीन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 12वें अध्यक्ष निर्वाचित हुए; अब तक के सबसे युवा–

20 जनवरी, 2026 को नीतिन नवीन (45) भाजपा के 12वें अध्यक्ष निर्वाचित हुए वे भाजपा के सबसे युवा अध्यक्ष हैं।

इनसें पूर्व के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निम्न रहें–

वर्ष 2005 से 2009 तक राजनाथ सिंह
वर्ष 2009 से 2013 तक नीतिन गडकरी
वर्ष 2013 से 2014 तक राजनाथ सिंह
वर्ष 2014 से 2020 तक अमित शाह
वर्ष 2020 से 2026 तक जेपी नड्डा

## Newspaper of 22 January, 2026

### ■ 'अटल पेंशन' योजना को 2031 तक बढ़ाने को कैबिनेट की मंजूरी–

21 जनवरी, 2026 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अटल पेंशन योजना (APY) को वित्त वर्ष 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। अटल पेंशन योजना (APY) की शुरुआत 9 मई, 2015 को असंगठित क्षेत्र के कामगारों को बुढ़ापे में आय सुरक्षा देने के लिए की गई थी 19 जनवरी, 2026 तक 8.66 करोड़ से ज्यादा लोग इससे जुड़ चुके है। योजना के तहत 60 वर्ष की उम्र के बाद ₹ 1000 से ₹ 5000 तक मासिक पेंशन की गारंटी मिलती है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

■ **भारतीय मूल की विलियम्स ने नासा से सेवानिवृत्ति ली–**

21 जनवरी, 2026 को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (NASA) ने घोषणा की कि भारतीय मूल की दिग्गज अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने 27 साल की शानदार सेवा के बाद एजेंसी से सेवानिवृत्ति ले ली है। उनकी सेवानिवृत्ति 27 दिसम्बर, 2025 से प्रभावी मानी गई है।

उन्होंने 27 वर्ष की सेवा में कुल 3 अंतरिक्ष मिशनों में उड़ान भरी।

**मिशन : 3 मुख्य स्पेस मिशन**

- STS-116 (Space Shuttle Discovery, 2006)
- Expedition 14/15 और 32/33
- Expedition 71/72 (Boeing Starliner) की तकनीकी समय के कारण 9 महीने ISS पर रहे (2024-25)

**Newspaper of 23 January, 2026**

■ **सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने 22 जनवरी, 2026 से 27 जनवरी, 2026 तक चलने वाला राजस्थान बॉर्डर पर ऑपरेशन सर्द हवा शुरू किया। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ, तस्करी और अन्य अवांछनीय गतिविधियों को रोकना है। अभियान की अवधि में पैदल गश्त के साथ वाहन और ऊँटों पर पेट्रोलिंग की जा रही है।**

उल्लेखनीय है कि राजस्थान के 5 जिले पाकिस्तान सीमा से सटे हुए है।

**Newspaper of 24 January, 2026**

■ **विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन पर देश का पहला ह्यूमनॉइड सुरक्षा रोबोट 'अर्जुन' तैनात किया गया–**

रेलवे की सुरक्षा अब पूरी तरह हाईटेक होने जा रही है। पूर्वी तट रेलवे (ईसीआर) के वाल्टेयर डिवीजन ने विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन पर देश का पहला ह्यूमनॉइड सुरक्षा रोबोट 'अर्जुन' तैनात कर दिया है। यह रोबोट रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के साथ मिलकर काम करेगा और स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण जैसे कई काम संभालेगा। खास बात यह है कि यह ह्यूमनॉइड रोबोट पूरी तरह विशाखापत्तनम में डिजाइन और विकसित किया गया है।

स्वदेशी तकनीक और एआइ आधारित सिस्टम से लैस इस प्रोजेक्ट पर आरपीएफ की टीम ने एक साल से ज्यादा समय तक काम किया।

**क्या कर सकता है अर्जुन–**

- **घुसपैठियों की पहचान**–फेस रिकग्निशन सिस्टम से संदिग्ध लोगों की पहचान कर तुरंत आरपीएफ को अलर्ट भेजेगा।
- **भीड़ पर नजर**–एआइ से यात्री घनत्व का विश्लेषण कर भीड़ बढ़ने से पहले कंट्रोल रूम को सूचना देगा।
- **तीन भाषाओं में घोषणाएँ**–शुरुआत में यह हिंदी, अंग्रजी और तेलुगु में सुरक्षा व सूचना संदेश देकर यात्रियों को गाइड करेगा।
- **24 घंटे प्लेटफॉर्म पेट्रोलिंग**–पहले से तय रूट पर खुद चलकर निगरानी करेगा, रुकावटों से बचेगा।
- **रियल-टाइम मॉनिटरिंग**–इंटीग्रेटेड डैशबोर्ड से आरपीएफ कंट्रोल रूम को लगातार अपडेट मिलती रहेगी।
- **आग और धुएँ का अलर्ट**–आग या धुएँ की शुरुआती संकेत मिलते ही तुरंत चेतावनी देगा।

■ **गुजरात के साणंद में देश की पहली इंटीग्रेटेड प्राइवेट सैटेलाइट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट बनेगी–**

देश की पहली इंटीग्रेटेड प्राइवेट सैटेलाइट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट गुजरात के साणंद में स्थापित की जाएगी।

**नींव**–भारत की इस पहली इंटीग्रेटेड प्राइवेट सैटेलाइट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट की नींव गुजरात के साणंद स्थित खोराज में 22 जनवरी, 2026 को रखी गई। इस इंडीग्रेटेड प्राइवेट सैटेलाइट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट को 'पामनारो' प्लांट या 'इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल पेलोड फैक्ट्री' के नाम से जाना जाएगा यह इकाई अजिस्टा स्पेस द्वारा विकसित की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि यह देश की ऐसी पहली निजी इकाई होगी जहाँ उपग्रहों का डिजाइन, निर्माण, असेंबली और परीक्षण एक ही छत के नीचे (एंड-टू-एंड) किया जाएगा।

■ **राष्ट्रपति भवन में 'ग्रंथ कुटीर' का उद्घाटन–**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 23 जनवरी, 2026 को राष्ट्रपति भवन में 'ग्रंथ कुटीर' का उद्घाटन किया। यह स्थान भारत की प्राचीन बौद्धिक और साहित्यिक विरासत को समर्पित है।

■ **सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2026–**

भारत सरकार ने 23 जनवरी (नेताजी जयंती) पर आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए विजेताओं की घोषणा की।

1. **व्यक्तिगत श्रेणी में लेफ्टिनेंट कर्नल सीता अशोक शेल्के को मिला**–2024 में केरल के वायनाड भूस्खलन के दौरान साहसिक राहत अभियान का नेतृत्व किया। उनकी देखरेख में चूरलमाला में 190 फुट लंबा 'बेली ब्रिज' और मात्र 4 घंटे में एक अस्थायी फुटब्रिज तैयार किया गया, जिससे संपर्क बहाल हुआ।
2. **संस्थागत श्रेणी में सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SSDMA) को मिला**–'आपदा मित्र' योजना के तहत 1,185 स्वयंसेवकों को तैनात कर जमीनी स्तर पर प्रबंधन मजबूत किया तीस्ता बाढ़ (2023) और

मंतम भूस्खलन के दौरान त्वरित कार्रवाई कर 2,563 लोगों की जान बचाई।

**Newspaper of 26 January, 2026**

## भारत को वर्ष 2026 का ग्लोबल लीडर बनाने के उद्देश्य से हर राज्य के हर जिले और पंचायत स्तर पर वॉलंटियर्स की एक वर्क फोर्स तैयार की जाएगी; यूएन ने वर्ष 2026 को वॉलंटियर्स वर्ष घोषित किया–

हर क्षेत्र की प्रतिभाओं का देश के विकास में योगदान सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र सरकार हर राज्य के हर जिले और पंचायत स्तर पर वॉलंटियर्स की एक वर्क फोर्स तैयार करेगी। इसका लक्ष्य 2026 में भारत वॉलंटियर्स का ग्लोबल लीडर बनाना है। इसके लिए नीति आयोग, ग्रामीण और शहरी विकास मंत्रालय और पंचायती राज्य मंत्रालय सहित लगभग एक दर्जन मंत्रालय मिल कर काम करेंगे। यूएन ने 2026 को अंतरराष्ट्रीय वॉलंटियर्स वर्ष घोषित किया है।

मौजूदा योजनाओं में आ रही खामियों को दूर करने में भी वॉलंटियर्स की मदद ली जाएगी। जैसे मिड डे मील योजना, उज्ज्वला योजना, मनरेगा के तहत एसेट निर्माण, किसान सम्मान निधि आदि में ऐसे वॉलंटियर्स के जमीनी अनुभव योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायक होंगे।

## वर्ष 2026 के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गई; 5 पद्म विभूषण 13 पद्म भूषण सहित 95 पद्म श्री सहित 113 हस्तियों के नाम पद्म पुरस्कार के लिए शामिल है–

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी, 2026 को केन्द्र सरकार ने वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों की घोषणा की। इसमें 5 पद्म विभूषण 13 पद्म भूषण तथा 95 पद्मश्री सहित 113 हस्तियों के नाम शामिल किए गए।

**पद्म विभूषण प्राप्तकर्त्ता–**

- दिवंगत अभिनेता धर्मेन्द्र कुमार देओल
- केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंदन
- जस्टिस के. टी. थॉमस
- एन. राजम
- पी. नारायण

**पद्म भूषण प्राप्तकर्त्ता–**

- एडगुरु पीयूष पांडे
- झारखंड के पूर्व सीएम शिबूसोरेन
- पूर्व संसद वी. के. मल्होत्रा
- उद्योगपति उदयकोटक
- अल्का याज्ञनिक
- भगत सिंह कोश्यारी
- वी कालीपट्टी रामासामी पलानीस्वामी
- मम्मूरी
- डॉ. नोरी दत्तात्रेयुड
- एसकेएम माइलानंदन
- शतावधानी आर. गणेश
- वी नरेशन
- विजय अमृतराज

**पद्मश्री से 95 लोगों को नवाजा गया जिसमें प्रमुख निम्न हैं–**

- **अंके गौड़ा (कर्नाटक)**–पूर्व बस कंडक्टर, दुनिया का सबसे बड़ा पुस्तकालय बनाया, 20 लाख किताबें, दुर्लभ पांडुलिपियाँ।
- **अर्मिडा फर्नांडिस (महाराष्ट्र)**–बाल रोग विशेषज्ञ, एशिया का पहला मानव दूध बैंक बनाया।
- **बुड़री थाती (छत्तीसगढ़)**–नक्सल प्रभावित इलाकों में स्कूल बनवाएँ।
- **चरण हेम्ब्रम (ओडिशा)**–संथाली लेखक और संगीतकार।
- **चिरंजी लाल यादव (यूपी)**–बारीक पीतल नक्काशी विशेषज्ञ।
- **धार्मिकलाल चुनिलाल पांड्या (गुजरात)**–पारंपरिक लोक कला 'मानभट्ट' के कलाकार।
- **कुमारस्वामी थंगराज (तेलंगाना)**–आनुवंशिकी वैज्ञानिक, अफ्रीका से भारत तक मानव प्रवास का पता लगाया।

**राजस्थान : तीन को मिला पद्मश्री–**

वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों की सूची में राजस्थान की चार विभूतियों को शामिल किया गया है। इसमें पीयूष पांडे (मरणोपरांत), गफरुद्दीन मेवाती जोगी, स्वामी ब्रह्मदेव और तगाराम भील शामिल हैं।

- **गफरुद्दीन मेवाती जोगी [भपंग वादक (आर्ट)]**– भपंग वादक और पांडुन के कड़ाके साधक 62 वर्षीय गफरुद्दीन मेवाती जोगी ने छह दशक से अधिक समय तक एक विलुप्तप्राय लोककला को जीवित रखा और उसे वैश्विक पहचान दिलाई। वे करीब ढाई हजार से अधिक दोहे कंठस्थ रखने वाले कलाकार हैं।
- **तगाराम भील [अलगोजा वादक (आर्ट)]**–66 वर्षीय तगाराम भील ने लोकसंगीत की सदियों पुरानी परंपरा के एक प्रमुख वाद्य अलगोजा की मधुर स्वर लहरियों को देश-दुनिया तक पहुँचाा। स्वभाव और रहन-सहन से एकदम सादा तगाराम ने इस उपलब्धि को जिलावासियों को समर्पित किया।
- **स्वामी ब्रह्मदेव (सोशल वर्कर)**–स्वामी ब्रह्मदेव श्रीगंगानगर में स्थापित श्री जगदंबा अंध विद्यालय एवं

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय के संस्थापक हैं। वे 1990 के दशक से गरीब, असहाय और दृष्टिहीन लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। उनका कार्य शिक्षा, चिकित्सा और मानव सेवा से जुड़ा है।

■ **अंतरिक्ष यात्री कैप्टन शुक्ला को अशोक चक्र– इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाकर इतिहास रचने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को देश के सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से नवाजा जाएगा। केन्द्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वीरता पुरस्कारों की घोषणा की जिनमें कैप्टन शुक्ला का नाम शामिल है। सरकार ने अन्य वीरता पुरस्कारों में तीन कीर्ति चक्र, 13 शौर्य चक्र देने की भी घोषणा की।**

**Newspaper of 28 January, 2026**

■ **हाल ही में ग्लोबल ह्यूमेन सोसायटी की ओर से अनंत अंबानी को 'ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड' मिला है। वह यह सम्मान पाने वाले सबसे कम आयु के व्यक्ति और पहले एशियाई हैं। यह पुरस्कार वनतारा की उपलब्धियों को देखते हुए दिया गया।**

■ **भारत और यूरोप के 27 देशों के संगठन यूरोपीय यूनियन (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौता (FTA) हुआ–**

27 जनवरी, 2026 को अमरीका के ट्रंप टैरिफ टेरर से बदलते समीकरणों के बीच भारत और यूरोप के 27 देशों के संगठन यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपियन कमीशन अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन व यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के बीच हैदराबाद हाउस में शिखर वार्ता के बाद एफटीए की घोषणा से भारत व यूरोप की 200 करोड़ की आबादी के बीच खुला व्यापार होगा। दोनों पक्ष एक दूसरे से व्यापार में 90% से अधिक वस्तुओं पर टैरिफ समाप्त कर देंगे या काफी कम कर देंगे। इससे भारत के निर्यात में उछाल आएगा और उत्पादन बढ़ने से नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यूरोपीय देशों को भारत का बड़ा बाजार मिलेगा। सेवा क्षेत्र भी खुलने से भारत के युवाओं को यूरोप में अवसर मिलेंगे।

♦ **ईयू से समझौते का क्या मतलब?**
भारत व यूरोप के 27 देशों (इनका संगठन ही ईयू है) के साथ समझौता है। भारत व ईयू 200 करोड़ लोगों के बीच मुक्त व्यापार क्षेत्र बनेगा, टैरिफ घटेंगे। व्यापार, नौकरियाँ खुलेंगी।

♦ **समझौते में क्या खास बात?**
यूरोप में भारत की 96% वस्तुओं पर टैरिफ चरणबद्ध रूप से खत्म होगा। भारत में 90% से अधिक यूरोपीय वस्तुओं पर शुल्क कटौती। कई चीजें टैरिफ मुक्त।

♦ **भारत को क्या फायदा होगा?**
यूरोपीय बाजार में भारतीय वस्त्र, आइटी, फार्मा, जैम-ज्वैलरी, चमड़ा और कृषि उत्पादों को आसान पहुँच मिलेगी। भारत का यूरोप में व्यापार व सेवाएँ बढ़ेंगी। भारत में रोजगार बढ़ेगा और यूरोप में भी नौकरियों के अवसर खुलेंगे। यूरोप की चीजों पर टैरिफ खत्म होने से यहाँ चीजें सस्ती होंगी।

♦ **यूरोप को क्या फायदा होगा?**
यूरोप निर्मित चीजों शराब, मशीनरी, रसायन व हवाई जहाजों को भारत में बाजार मिलेगा। भारत से सस्ती चीजें व टैलेंट जाने से यूरोप चीन के दबाव से मुक्त होगा।

♦ **दोनों पक्षों का व्यापार कितना बढ़ेगा?**
मौजूदा सालाना 136 अरब डॉलर के वस्तु व्यापार को 2031 तक 250 अरब डॉलर तक व सेवा सहित 350 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य है।

♦ **समझौता कब से लागू होगा?**
समझौता 2027 की शुरुआत से लागू होना शुरू हो जाएगा, लेकिन पूरा समझौता पाँच साल में लागू होगा?

♦ **हर यूरोपीय देश समझौते को संसद से पास करवाएगा?**
नहीं, ईयू के सदस्य देशों की समग्र ईयू संसद पर मुहर लगाना ही पर्याप्त होगा।

♦ **क्या भारतीय किसानों के हित प्रभावित होंगे?**
भारतीय कृषि व डेयरी के अधिकतम उत्पादों को शामिल न कर किसानों के हितों को सुरक्षित रखा है। कुछ उत्पादों के लिए सुरक्षा प्रावधान रखे गए हैं।

**ईयू फ्री ट्रेड डील और निवेश के बड़े लक्ष्य, पीएम की 5 बड़ी बातें–**

यूरोपीयन यूनियन के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वेलरी, लेदर एंड शूज, ऐसे हर सेक्टर से जुड़े व्यावसायियों के लिए बहुत सहायक सिद्ध होगा।

♦ पेट्रोलियम प्रोडक्ट के टॉप 5 निर्यातक देशों में भारत शामिल हैं। दुनिया के 150 से ज्यादा देशों में हमारे प्रोडक्ट जा रहे हैं। भारत जल्द ही दुनिया का सबसे बड़ा तेल रिफाइनिंग हब बनने जा रहा है।

♦ इस दशक के आखिर तक तेल और गैस सेक्टर में निवेश को सौ अरब डॉलर तक ले जाने की कोशिश।

♦ भारत अब 'एनर्जी इंडिपेंडेंस' मिशन पर काम कर रहा है। ऐसा एनर्जी सेक्टर इकोसिस्टम डवलप कर रहे हैं, जो देश

की घरेलू जरूरतों को पूरा कर सके। ऊर्जा क्षेत्र में करीब 500 बिलियन डॉलर के निवेश अवसर हैं।

- भारत में रिफाइनिंग क्षमता में विश्व में दूसरे स्थान पर हैं। जल्द पहले पायदान पर होगा। देश की रिफाइनिंग क्षमता 260 मिलियन मीट्रिक टन से बढ़ाकर 300 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक करने के प्रयास जारी हैं।

**तेल-गैस क्षेत्र में 100 बिलियन डॉलर–**पीएम ने कहा कि इस दशक के अंत तक तेल और गैस क्षेत्र में 100 बिलियन डॉलर निवेश का लक्ष्य रखा गया है। केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि 2047 तक परमाणु क्षमता 100 गीगावाट तक बढ़ाने की दिशा में काम हो रहा है।

## ■ 26 जनवरी, 2026 को 77वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया–

26 जनवरी, 2026 को देशभर में 77वाँ गणतंत्र दिवस पारंपरिक उल्लास और गौरव के साथ मनाया गया। राजधानी दिल्ली के कर्त्तव्य पथ पर आयोजित मुख्य समारोह में भारत की सैन्य शक्ति, सांस्कृतिक विविधता और आत्मनिर्भर भारत की झलक एक साथ दिखाई दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर यूरोपियन कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनिया कोस्टा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, पीएम नरेन्द्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री, सेना के वरिष्ठ अधिकारी, विदेशी राजनयिक भी समारोह में शामिल हुए। इस वर्ष की थीम 'स्वतंत्रता का मंत्र: वंदे मातरम् समृद्धि का मंत्र: आत्मनिर्भर भारत' झांकियों, सैन्य प्रदर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में स्पष्ट दिखी।

परेड में तीना सेनाओं ने संयुक्त शक्ति का प्रदर्शन किया। वायुसेना के रफाल, सुखोई, मिग-29 और जगुआर समेत 29 विमानों ने सिंदूर वज्रांग, अर्जन और प्रहार फार्मेशन बनाकर शौर्य दिखाया। थलसेना ने ब्रह्मोस, आकाश, सूर्यास्त्र, एस-400, एटीएजीएस तोप, ड्रोन, रोबोटिक डॉग और लुटेरिंग म्यूनिशन प्रदर्शित किए। पहली बार रणभूमि की व्यूह रचना की झलक दिखी।

**Newspaper of 30 January, 2026**

## ■ केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश किया; भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर (GDP ग्रोथ) इस साल (2025-26) 7.4 फीसदी तथा अगले साल 6-8 से 7.2% रहने का अनुमान–

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 प्रस्तुत किया–**

29 जनवरी, 2026 को भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर (जीडीपी ग्रोथ) इस साल (2025-26) 7.4 फीसदी तथा अगले साल 6.8 से 7.2 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से संसद में पेश देश के आर्थिक सर्वेक्षण, 2026 में यह अनुमान लगाया। सर्वे में कहा गया है कि इस समय वैश्विक हालात ऐसे है जिसमें मजबूत वृहद आर्थिक आधार के बावजूद भारत को बाहरी निवेश के रूप में वांछित प्रतिफल नहीं मिल रहा है। सर्वे में समावेशी विकास पर जोर देते हुए देश की अर्थव्यवस्था की मिली-जुली तस्वीर पेश की गई है। सर्वे में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण बताया गया है वहीं शिक्षा-स्वास्थ्य पर अहम सुझाव दिए गए हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन द्वारा लिखित इस सर्वे में कहा गया है, वैश्विक स्तर पर भू-राजनैतिक समीकरण में बदलाव को देखते हुए अल्पकालिक दबाव के समाधान खोजने की बजाय मजबूती, सतत नवाचार और विकसित भारत के रास्ते पर बढ़ते रहने का विकल्प चुनना चाहिए। सर्वे में कहा गया है कि भारत को फर्राटा और मैराथन दौड़ एक साथ दौड़नी है।

**ऐसे बढ़ी देश की जीडीपी–**

| | |
|---|---|
| 2021-22 | 9.7% |
| 2022-23 | 7.6% |
| 2023-24 | 9.2% |
| 2024-25 | 6.5% |
| 2025-26 | 7.4% |
| 2026-27 | 6.8-7.2% |

**महँगाई दर–**

| | |
|---|---|
| 2021-22 | 5.2% |
| 2022-23 | 6.7% |
| 2023-24 | 5.4% |
| 2024-25 | 4.6% |
| 2025-26 | 1.7% |

1. **केन्द्र में राजकोषीय अनुशासन बेहतर, राज्यों में मुफ्त रेवड़ी पर चेतावनी–**
   केन्द्र सरकार ने अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारा है। 2025 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.8% रहा, जो बजट अनुमानों से बेहतर है। अगले साल इसे 4.4% तक लाने का लक्ष्य है। राज्यों में लोकलुभावनवाद के चलते मुफ्त योजनाओं की प्रवृत्ति चिंताजनक है। इससे विकास खर्च प्रभावित हो रहा है।
2. **इंफ्रास्ट्रक्चर और कैपेक्स की लंबी छलांग–**
   अर्थव्यवस्था को गति देने में बुनियादी ढांचे का बड़ा हाथ है। केन्द्र का पूंजीगत खर्च 2018 में 2.63 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2025 में 11.21 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**3. विदेशी मुद्रा भंडार का कवच–**
बाहरी झटको से निपटने के लिए भारत के पास विदेशी मुद्रा भंडार का पर्याप्त 'बफर' है। गत सप्ताह तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 701.4 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया जो 11 माह के आयात के लिए काफी है।

**4. जीएसटी सुधार से मांग बढ़ी, संग्रह रहेगा स्थिर–**
जीएसटी दरों में बदलाव से देश में मांग बढ़ी है जिससे देश में विनिर्माण को मजबूती मिली है। आने वाली तिमाहियों में जीएसटी संग्रह सुदृढ़ रहने की उम्मीद।

**5. बेरोजगारी-गरीबी नियंत्रण में, महिला रोजगार बढ़ा–**
2017-18 की बेरोजगारी दर 5.6% से 2025-26 में 3.2% रह गई है। रोजगार में महिलाओं की भागीदारी 23.3% से बढ़कर 41.7% हो गई है। गरीबी 2005-06 के 55.3% से घटकर 2022-23 में 11.28% रह गई है।

**6. जंक फूड के विज्ञापन पर लगे रोक–**जंक फूड की बढ़ती खपत चिंताजनक। ऐसे खाद्य पदार्थों के विज्ञापनों पर सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक सभी मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगे। जंक फूड के पैकेट पर आगे की तरफ पोषण चेतावनी लेवल लगाए जाएं। शिशु व छोटे बच्चों के दूध उत्पादों और पेय पदार्थों के प्रचार पर भी रोक लगे। जंक फूड से मोटापा, डायबिटीज और अन्य गंभीर बीमारियाँ व स्वास्थ्य असमानता भी बढ़ रही है।

**7. यूपीआइ की तरह बने एआइ ढांचा–**एआइ रणनीतिक क्षेत्र बन गया है। देश बड़े भाषा मॉडल बनाने के बजाय सरकार यूपीआइ-आधार की तरह स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे खास क्षेत्रों की जरूरतें पूरी करने वाले एआइ ऑपरेटिंग सिस्टम का ढांचा तैयार करे। इससे बिजली-पानी-पैसे की बचत होगी व तकनीक गाँव-कस्बों तक पहुँचेगी। इसमें छात्रों को एआइ अर्थव्यवस्था में भाग लेने की अनुमति देने के लिए स्कूली शिक्षा में ढांचे में बदलाव करे।

**8. सोशल मीडिया मुसीबतः बच्चों के इस्तेमाल पर लगे रोक, सदुपयोग हो**
बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग से आगे आएंगी समस्याएँ, इनके इस्तेमाल, उपयोग व उन्हें लक्षित विज्ञापनों पर आयु-आधारित सीमा लागू करने सुझाव।

## Newspaper of 31 January, 2026

### ■ दिल्ली के भारत मंडपम में 16-20 फरवरी, 2026 तक 'एआइ इम्पैक्ट' समिट-2026 का आयोजन होगा–

16-20 फरवरी, 2026 तक दिल्ली के भारत मंडपम में 'एआइ इम्पैक्ट समिट-2026' का आयोजन होगा। दुनिया में यह एआइ की सबसे बड़ी समिट होगी जिसमें 100 से ज्यादा टॉप कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व 15 राष्ट्राध्यक्ष शामिल होंगे। समिट में प्रमुख आइटी कंपनियों की ओर से विकसित 200 से अधिक सेक्टर-विशिष्ट एआइ मॉडल लॉन्च किए जा सकते है। वैष्णव ने बताया कि देश के 500 विश्वविद्यालयों में एआइ इंफ्रास्ट्रक्चर पाठ्यक्रम, वर्ल्ड क्लास लैब का विस्तार कर एआइ टैलेंट डेवलपमेंट को बड़े पैमाने पर बढ़ाया जाएगा। वैष्णव ने बताया कि देश में एआइ इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में 70 अरब डॉलर का निवेश हो चुका है, जो समिट समापन तक दोगुना हो सकता है। एआइ में भारत वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। मुख्य उद्देश्य विकासशील देशों के लिए स्थानीय व देसी एआइ समाधान व वैश्विक एआइ गवर्नेंस को ग्लोबल साउथ की जरूरतों के अनुरूप ढालना है।

### ■ पंजाब में 52 डॉग सेंक्चुरी खुलेंगी, ऐसा करने वाला पहला राज्य होगा–

पंजाब सरकार द्वारा राज्य में आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी और 'डॉग बाइट' की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए बड़े जिलों में डॉग सेंक्चुरी बनाई जाएगी, जहाँ आवारा कुत्तों का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया जाएगा। इस फैसले को आम जनता की सुरक्षा के साथ-साथ पशु कल्याण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

**क्यों जरूरी था यह फैसला–**2025 की रिपोर्ट के अनुसार पंजाब में करीब 3 लाख आवारा कुत्ते हैं। नसबंदी के पुराने तरीके नाकाफी साबित हो रहे थे, जिससे बच्चों और बुजुर्गों में डर का माहौल था। डॉग लवर्स भी लंबे समय से एक मानवीय समाधान की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि आवारा कुत्तों को मारना या उन्हें इधर-उधर छोड़ देना समस्या का समाधान नहीं है। इसके बजाय, उनके लिए वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन ही सबसे बेहतर विकल्प है।

**इन जिलों में जमीन चिह्नित करने का काम शुरू–**
पहले चरण में कुछ प्रमुख जिलों अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, बठिंडा, पटियाला, होशियारपुर, मोगा में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर डॉग सेंक्चुरी का निर्माण किया जाएगा। इसके बाद इस योजना की सफलता और अनुभव के आधार पर इसे अन्य जिलों में भी लागू किया जाएगा। इसके लिए उपयुक्त जमीन चिह्नित करने और बजट प्रावधानों पर भी काम शुरू कर दिया गया है।

### ■ भारत दुनिया की 'चौथी' सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना–

दिसम्बर, 2025 के अंत में एक ऐतिहासिक बदलाव के साथ भारत आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**मुख्य आँकड़े और रैंकिंग–**भारत की वर्तमान जीडीपी : 4.18 ट्रिलियन डॉलर (जो जापान से अधिक है)।

**वर्तमान शीर्ष 4 अर्थव्यवस्थाएँ–**अमेरिका, चीन, जर्मनी, भारत

**भविष्य का अनुमान (2030)–**भारत की जीडीपी 7.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है। वर्ष 2030 तक भारत जर्मनी को भी पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा।

उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी 8.2% की दर से बढ़ी है, जो इस तेजी का मुख्य कारण है।

■ **देविका सिहाग ने जीता थाईलैण्ड मास्टर्स–**

भारत की 20 वर्षीय उभरती शटलर देविका सिहाग ने थाईलैण्ड मास्टर्स 2026 में महिला एकल का खिताब जीतकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ (BWF) वर्ल्ड टूर सुपर 300 टाइटल हासिल किया। फाइनल में उन्होंने मलेशिया की गोह जिन वेई के खिलाफ बढ़त बनाई हुई थी, लेकिन प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मैच के बीच में ही रिटायर हो गई, जिससे देविका को खिताब मिल गया। यह टूर्नामेंट 27 जनवरी से 1 फरवरी, 2026 तक प्रिंसेस सिरिवन्नावरी थाईलैण्ड मास्टर्स 2026 के नाम से आयोजित हुआ। इस जीत के साथ हरियाणा की रहने वाली देविका सिहाग, साइना नेहवाल और पी.वी. सिंधु के बाद सुपर 300 (या इससे ऊपर) का खिताब जीतने वाली केवल तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं।

■ **महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का विमान हादसे में निधन हुआ–**

28 जनवरी, 2026 को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के कद्दावर नेता अजित पवार का एक दुखद विमान हादसे में निधन हो गया। वह 'Learjet 45' (पंजीकरण : VT-SSK) नामक चार्टर्ड विमान में सवार थे, जो मुंबई से बारामती जा रहा था। महाराष्ट्र सरकार ने उनके सम्मान में तीन दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि वह महाराष्ट्र के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले उपमुख्यमंत्री (6 बार) थे। उनके निधन के बाद, उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार ने 31 जनवरी, 2026 को महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है।

□□□

संजीव प्रकाशन
संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## आर्थिक समीक्षा 2025-26 की मुख्य बातें

- वित्त वर्ष 2026 के लिए जीडीपी और जीवीए वृद्धि के लिए प्रथम अग्रिम अनुमान क्रमशः 7.4 और 7.3 प्रतिशत।
- भारत की प्रमुख वृद्धि का अनुमान लगभग 7 प्रतिशत, जबकि वित्त वर्ष 2027 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.8 प्रतिशत से 7.2 प्रतिशत का अनुमान।
- वित्त वर्ष 2025 में केन्द्र की राजस्व प्राप्ति जीडीपी के 11.6 प्रतिशत तक बढ़ी एनपीए में बहुदशकीय गिरावट 2.2 प्रतिशत तक हुई।
- पीएमजेडीवाई के अंतगत मार्च 2025 तक 55 करोड़ 2 लाख बैंक खाते खोले गए, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्र में 36 करोड़ 63 लाख खाते खुले।
- सितम्बर, 2025 में विशिष्ट निवेशकों की संख्या 12 करोड़ से अधिक हुई, इनमें लगभग 25 प्रतिशत महिलाएँ शामिल।
- वर्ष 2005 से 2024 के दौरान भारत का वैश्विक व्यापार निर्यात एक प्रतिशत से लगभग दोगुना होकर 1.8 प्रतिशत हुआ।
- वित्त वर्ष 2025 में सेवा निर्यात अब तक का सर्वाधिक 387.6 बिलियन अमरीकी डॉलर हुआ, 13.6 प्रतिशत की वृद्धि।
- वित्त वर्ष 2025 के दौरान भारत विश्व में सबसे बड़ा जमा प्राप्ति वाला देश बना, 135.4 बिलियन अमरीकी डॉलर का आँकड़ा हुआ।
- 16 जनवरी, 2026 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 701.4 बिलियन अमरीकी डॉलर हुआ, इसमें 11 महीने का आयात और विदेशी कर्ज का 94 प्रतिशत शामिल।
- अप्रैल से दिसंबर 2025 के दौरान औसत घरेलू मुद्रास्फीति 1.7 प्रतिशत रही।
- कृषि वर्ष 2024-25 के दौरान भारत का खाद्यान्न उत्पादन 3577.3 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) पर पहुँचा, पिछले वर्ष के मुकाबले 254.3 एलएमटी की वृद्धि।
- पीएम किसान योजना के शुरू होने से अब तक पात्र किसानों को 4.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की गई।
- वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए मनरेगा के स्थान पर ग्रामीण रोजगार को सरंखित करते हुए विकसित भारत-जी राम जी की स्थापना।
- वित्त वर्ष 2026 की पहली और दूसरी तिमाही में विनिर्माण वृद्धि क्रमशः 7.72 प्रतिशत 9.13 प्रतिशत रही, यह ढांचागत बहाली को प्रदर्शित करता है।
- 14 क्षेत्रों में उत्पादन से संबंद्ध प्रोत्साहन (PLI) योजना के अंतर्गत 2 लाख करोड़ रुपये का वास्तविक निवेश हुआ, सितम्बर 2025 तक उत्पादन/बिक्री 18.7 लाख करोड़ रुपये से अधिक हुई और 12.6 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए।
- भारत सेमीकंडक्टर मिशन से घरेलू क्षमता बढ़ी, 10 परियोजनाओं में लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपये का निवेश।
- रेलवे के हाईस्पीड कॉरिडोर में वित्त वर्ष 2014 में 550 किलोमीटर की तुलना में (वित्त वर्ष 2026, दिसंबर 2025 तक) 5364 किलोमीटर हुआ, वित्त वर्ष 2026 में 3500 किलोमीटर की वृद्धि।
- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू उड़ान बाजार, हवाई अड्डों की संख्या 2014 में 74 से 2025 में 164 हुई।
- डिस्कॉम के लिए ऐतिहासिक परिवर्तन वित्त वर्ष 2025 में पहली बार 20701 करोड़ रुपये का सकारात्मक पीएटी दर्ज किया गया।
- ओवरऑल नवीकरणीय ऊर्जा और स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता के मामले में भारत की विश्व स्तर पर तीसरी रैंक।
- भारत स्वायत्त सैटेलाइट डॉकिंग (स्पेडैक्स) क्षमता प्राप्त करने वाला चौथा देश बना।
- प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक चरण में कुल नामांकन अनुपात (GIR) क्रमशः 90.9, 90.3 और 78.7 रहा।
- भारत में इस समय 23 आईआईटी, 21 आईआईएम और 20 एम्स मौजूद, जंजीबार और अबूधाबी में दो अंतरराष्ट्रीय आईआईटी कैम्पस स्थापित।
- 1990 के बाद भारत में मातृ और शिशु मृत्यु दर में गिरावट, वैश्विक औसत से कम हुई।
- जनवरी 2026 तक ई-श्रम पोर्टल पर 31 करोड़ से अधिक असंगठित कामगार पंजीकृत, 54 प्रतिशत महिलाएँ शामिल।
- वित्त वर्ष 2025 में राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल पर रिक्तियों की संख्या 2.8 करोड़ से अधिक हुई और वित्त वर्ष 2026 में सिंतबर तक 2.3 करोड़ की संख्या पार की।
- नीति आयोग द्वारा मापित बहु-आयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) 2005-06 में 55.3 प्रतिशत से 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हुई।
- समीक्षा के अनुसार महत्त्वपूर्ण वृद्धि के लिए अनुशासित स्वदेशी का आह्वान, महत्त्वपूर्ण क्षमता प्राप्त करने के लिए त्रिस्तरीय रणनीति तैयार, निवेश लागत मूल्य में कमी, उन्नत विनिर्माण में मजबूती और आत्मनिर्भरता से रणनीतिक अपरिहार्यता की ओर प्रगति।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## केन्द्रीय बजट 2026-27 का सारांश

**1 फरवरी, 2026 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। यह उनका नौवा बजट रहा। बजट 2026-27 की महत्त्वपूर्ण झलकियाँ–**

- युवा शक्ति संचालित बजट गरीब, शोषित व वंचित समुदायों पर विशेष ध्यान के सरकार के संकल्प पर जोर देता है।
- कर्त्तव्य भवन में तैयार किया गया पहला बजट, जो तीन कर्त्तव्यों से प्रेरित है। पहला कर्त्तव्य है आर्थिक वृद्धि को तेज करना व बनाए रखना।
- दूसरा कर्त्तव्य है लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और उनकी क्षमता का निर्माण करना तीसरा कर्त्तव्य सबका साथ विकास के विजन से जुड़ा है।
- नया आयकर अधिनियम, 2025; अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगा, सरलीकृत आयकर नियम और फॉर्म जल्द ही अधिसूचित किए जाएँगे।
- जुर्माना और अभियोजन को युक्तिसंगत बनाने के लिए प्रक्रियाओं की गुणात्मकता को कम करना जरूरी कुछ प्राथमिक सहकारी समितियों को प्राप्त रियायत को पशु खाद्य और कपास बीच तक विस्तारित किया जाएगा।
- 15.5 प्रतिशत साझा सेफ हार्बर मार्जिन के साथ सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं की एकल श्रेणी आईटी सेवाओं के लिए सेफ हार्बर सुविधा हेतु 300 करोड़ रुपये की सीमा को बढ़ाकर 2000 करोड़ रुपये किया गया।
- विदेशी क्लाउड सेवा प्रदात्ता को 2047 तक टैक्स हॉलीडे दिया जाएगा।
- अनुमान आधार पर टैक्स देने वाले सभी अप्रवासियों को न्यूनतम वैकल्पिक टैक्स से छूट कर निर्धारण वर्ष 2027-28 से आईसीडीएस पर आधारित पृथक लेखा जरूरत को समाप्त करने के लिए मंत्रालय इंडएएस को संशोधित करने हेतु संयुक्त समिति का गठन करेगा।
- वायदा सौदों पर एसटीटी को वर्तमान के 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत किया जाएगा।
- बैटरी के लिथियम आयन सेल के निर्माण में उपयोग किए जाने वाले पूंजीगत वस्तुओं को प्राप्त मूल सीमा शुल्क छूट को विस्तार दिया जाएगा।
- महत्त्वपूर्ण खनिज के प्रसंस्करण के लिए आवश्यक पूंजीगत वस्तु के आयात के सीमा शुल्क पर छूट दी जाएगी।
- व्यक्तिगत उपयोग के लिए आयात की जाने वाले वस्तुओं पर लगने वाले टैरिफ दर को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किया जाएगा।
- 17 औषधियों या दवाओं पर मूल सीमा शुल्क से छूट दी जाएगी।
- बायोफॉर्मा शक्ति, जिसका कुल परिव्यय 10000 करोड़ रुपये है बायोलॉजिक्स और बायोसिमिलर्स के घरेलू उत्पादन के लिए इको-सिस्टम का निर्माण करेगी।
- भविष्य के चैम्पियन के रूप में एमएसएमई बनाने के लिए 10000 करोड़ रुपये के एसएमई विकास निधि का प्रस्ताव।
- सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को बीई-2025-26 के 11.2 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2026-27 में 12.2 लाख करोड़ रुपये किया गया।
- पर्यावरण की दृष्टि से सतत यात्री प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए शहरों के बीच सात उच्च गति रेल गलियारे 'वृद्धि परिवहन सम्पर्क' के रूप में विकसित किए जाएंगे।
- भारतीय रचना प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई 15000 उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा 500 कॉलेजों में एवीजीसी कंटेट निर्माण लैब की स्थापना करेगा।
- उच्च शिक्षा और एसटीईएम संस्थानों में छात्राओं की चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रत्येक जिले में लड़कियों के लिए एक छात्रावास का निर्माण किया जाएगा।
- सरकार ने घोषणा करते हुए कहा कि आईआईएम की साझेदारी में, हाइब्रिड मोड में एक मानक, उच्च गुणवत्ता वाले 12-सप्ताह प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के माध्यम से 20 पर्यटन स्थलों में 10000 गाइड के कौशल का उन्नयन किया जाएगा।
- खेलो इंडिया मिशन अगले दशक में खेल क्षेत्र को परिवर्तित कर देगा।
- एक बहुभाषी एआई उपकरण के रूप में भारत-विस्तार कृषि पोर्टलों और कृषि तौर-तरीकों पर आईसीएआर पैकेज को एआई प्रणालियों के साथ एकीकृत करेगा।
- विदेशी यात्रा पैकेज पर वर्तमान के 5 प्रतिशत और 20 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत किया गया है।
- सीमा शुल्क भंडार गृह रूपरेखा का बदलाव भंडार गृह संचालक केन्द्रित प्रणाली के किया जाएगा, जिसमें स्व-घोषणा, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और जोखिम आधारित लेखा की व्यवस्था होगी।
- वित्त वर्ष के अंत तक विभिन्न सरकारी एजेंसियों से कार्गो निकासी मंजूरियों को एकल और आपस में जुड़े डिजिटल विंडो के जरिए निर्बाध रूप से प्रसंस्कृत किया जाएगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


**50 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

### कैलाश नागौरी की प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा हेतु हिन्दी की उपयोगी पुस्तकें



### संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें



संजीव प्रकाशन

Join Our App

संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com